बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्,
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्र नगर, पटना– 800004

Bihar Education Project Council,
Shiksha Bhawan, Rastrabhasha Parishad
Saidpur, Rajendra Nagar- 800 004

पत्रांक : A&R/SBA/24/2019-20/ 1520 दिनांक 26/03/2024

सेवा में,

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA)
सभी जिला–बिहार।

विषय : **राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग I - VIII के छात्र–छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन–2024 के प्रगति प्रतिवेदन वितरण की गतिविधि (शिक्षक–अभिभावक बैठक में) को निरीक्षी पदाधिकारी/कर्मी के द्वारा फोटो खींचकर प्रेषित करने के संबंध में।**

प्रसंग : बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् का पत्रांक A&R/Annual Exam-024/83/2023-24/7850 दिनांक–22.12.23 एवं पत्रांक A&R/1508 दिनांक–25.03.24।

महाशया/महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि समग्र शिक्षा के अन्तर्गत शैक्षिक सत्र 2023–24 में राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग I - VIII के सभी छात्र–छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन–2024 परिषद् के प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जा रहा है।

परिषद् के प्रसंगाधीन पत्र (पत्रांक A&R/1508 दिनांक–25.03.24) के निदेशानुसार निदेशित किया गया है कि निम्न तालिका के आलोक में शिक्षक–अभिभावक बैठक आहूत कर सभी कक्षाओं के वर्ग संचालन (भोजनावकाश के पूर्व) को सामान्य रूप से संचालित रखते हुए भोजनावकाश के बाद केवल संबंधित कक्षा के वार्षिक मूल्यांकन/परीक्षा 2024 के प्रगति को साझा (Sharing) किया जायेगा। साथ ही संबंधित वर्ग के जांच किये गए कॉपी को संबंधित अभिभावक/बच्चों को वापस लौटा दिया जायेगा।

निर्धारित तिथि	वर्ग
30.03.24 (भोजनावकाश के बाद)	V एवं VIII
06.04.24 (भोजनावकाश के बाद)	I, II एवं III
08.04.24 (भोजनावकाश के बाद)	IV, VI एवं VII

साथ ही निदेशानुसार निदेशित किया जाता है कि जिला स्तर से विद्यालय निरीक्षण में जाने वाले पदाधिकारी/कर्मी के द्वारा उक्त गतिविधि का फोटो NoteCam पर खींचकर परिषद् कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा, ताकि प्रस्तुतीकरण किया जा सके।

विश्वासभाजन,

Sd/- 26.03.24

(सुगंधा)
राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी

ज्ञापांक : A&R/SBA/24/2019-20/ 1520 दिनांक 26/03/2024

प्रतिलिपिः– आई टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग को निदेशानुसार निदेशित किया जाता है कि इस पत्र के साथ–साथ परिषद् पत्रांक A&R/1508 दिनांक–25.03.24 (संलग्न) को विभागीय बेवसाइट एवं ट्वीटर पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपिः– राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के निजी सहायक को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/- 26.03.24

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद,
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्र नगर, पटना– 800004

Bihar Education Project Council,
Shiksha Bhawan, Rastrabhasha Parishad
Saidpur, Rajendra Nagar- 800 004

पत्रांक : A&R/SBA/24/2019-20/ 1508 दिनांक 25/03/2024

सेवा में,

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA)
सभी जिला–बिहार।

विषय : **राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग I - VIII के छात्र–छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन–2024 के प्रगति प्रतिवेदन को साझा (Sharing) करने के संबंध में।**

प्रसंग : बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् का पत्रांक A&R/Annual Exam-024/83/2023-24/7850 दिनांक–22.12.23 एवं परिषद् पत्रांक A&R/1426 दिनांक–21.03.24।

महाशया/महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि समग्र शिक्षा के अन्तर्गत शैक्षिक सत्र 2023–24 में राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग I - VIII के सभी छात्र–छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन–2024 परिषद् के प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जा रहा है।

अंकनीय है कि परिषद् के प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में शिक्षक–अभिभावक बैठक आहूत कर प्रगति को साझा (Sharing) करने हेतु निदेशित किया गया हैं। साथ ही परिषद् पत्रांक A&R/1426 दिनांक–21.03.2024 के द्वारा जांचोपरान्त अभिलेख संधारित करते हुए कॉपी को वापस लौटाने हेतु भी निदेशित किया गया है। इस संबंध में निदेशित किया जाता है कि निम्नवत् तालिका के आलोक में विद्यालय में शिक्षक–अभिभावक बैठक आहूत कर प्रगति को साझा (Sharing) किया जायेगाः–

निर्धारित तिथि	वर्ग
30.03.24 (भोजनावकाश के बाद)	V एवं VIII
06.04.24 (भोजनावकाश के बाद)	I, II एवं III
08.04.24 (भोजनावकाश के बाद)	IV, VI एवं VII

अतः निदेशानुसार निदेशित किया जाता है उपरोक्त तालिका के आलोक में शिक्षक–अभिभावक बैठक आहूत कर सभी कक्षाओं के वर्ग संचालन (भोजनावकाश के पूर्व) को सामान्य रूप से संचालित रखते हुए भोजनावकाश के बाद केवल संबंधित कक्षा के वार्षिक मूल्यांकन/परीक्षा 2024 के प्रगति को साझा (Sharing) किया जायेगा। साथ ही संबंधित वर्ग के जांच किये गए कॉपी को संबंधित अभिभावक/बच्चों को वापस लौटा दिया जायेगा।

इस पर राज्य परियोजना निदेशक का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

25.03.24

(सुगंधा)
राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी

ज्ञापांक : A&R/SBA/24/2019-20/ 1508 दिनांक 25/03/2024

प्रतिलिपिः–राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के निजी सहायक को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

25.03.24
राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी